# श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त

स्नातकोत्तर सहशिक्षा महाविद्यालय, भिवानी रोड, रोहतक

एन.ए.ए.सी. द्वारा "बी"(2.74) ग्रेड प्रत्यायित

# वार्षिक रिपोर्ट

## संस्कृत विभाग

(2020-2021)

श्रीमती अनिला बठला ( सहायक आचार्या एवं विभागाध्यक्षा )


श्री प्रवीण शर्मा ( सहायक आचार्य )

संस्कृत विभाग के द्वारा आयोजित की गयी गतिविधियां \ आयोजन

सत्र (2020-2021)

1.ऑनलाइन संस्कृत राज्यस्तरीय श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता

18 अगस्त 2020



महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के द्वारा दिनांक 18 अगस्त 2020 को राज्तस्तरीय ऑनलाइन संस्कृत श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया | इस प्रतियोगिता में सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर से सविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया | द्वितीय स्थान महा-विद्यालय की दीक्षा ने प्राप्त किया | निर्णायकमण्डल में श्रीमती अनिला बठला व सहायक आचार्य प्रवीण शर्मा रहे |





**श्लोकोच्चारण स्पर्धा में सत जिंदा कल्याणा कालेज रहा प्रथम**

जासं, रोहतक : श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के संस्कृत विभाग में ऑनलाइन श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा के विभिन्न कालेजों के 28 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतिभागियों ने गीता के श्लोक, छंद, शिवतांडव स्तोत्र, मधुराष्टक, महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र आदि का पाठ किया। प्राचार्य डा. विजय कुमार ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा संस्कृत देववाणी है। इसका पठन-पाठन सभी हिंदुओं का कर्तव्य है। इस भाषा के उच्चारण मात्र से वाणी के विभिन्न दोष दूर होते हैं। प्रतियोगिता का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें शुद्ध उच्चारण, लय और छंद के आधार पर सत जिंदा कल्याणा कालेज की सविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

2. राज्य स्तरीय ऑनलाइन संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता |

31 दिसंबर 2020



महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के द्वारा दिनाङ्क 31दिसंबर 2020 को राज्यस्तरीय ऑनलाइन संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों से 200 बच्चों ने भाग लिया | इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विभागा-ध्यक्षा अनिला बठला व सहायक आचार्य प्रवीण शर्मा ने निभायी इस प्रतियोगिता में राजकीय महिला विद्यालय की रीमा कथूरिया प्रथम, वैश्य महाविद्यालय के रवि कुमार द्वितीय तथा संस्कृत विभाग मदवि की वर्षा तृतीय स्थान पर रहे | ऑनलाइन प्लेटफ़ार्म पर मधु अरोडा, अन्जु देशवाल व अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे |



## महाभारत प्रश्नोत्तरी में रीमा रही प्रथम

रोहतक : श्री लालनाथ हिंदू कालेज के संस्कृत विभाग की ओर से गीता जयंती पर महाभारत प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

ऑनलाइन प्रतियोगिता में राजकीय महिला कालेज की रीमा कथूरिया प्रथम, वैश्य कालेज के रवि कुमार द्वितीय और एमडीयू के संस्कृत विभाग की छात्रा वर्ष तृतीय स्थान पर रही। विभागाध्यक्ष अनिल कुमारी ने कहा कि महाभारत को संपूर्णता से समझने से मानसिक तौर पर मजबूत होते है। यह ग्रंथ गीता को संपूर्णता के साथ पाठक के समक्ष प्रस्तुत करता है। इस मौके पर प्राचार्य डा. विजय कुमार मौजूद रहे। (जासं)



## महाभारत प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में रीमा प्रथम, रवि रहा द्वितीय

रोहतक। श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में संस्कृत विभाग की ओर से गीता जयंती के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय ऑनलाइन महाभारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय महिला महाविद्यालय रोहतक की रीमा कथूरिया प्रथम, वैश्य महाविद्यालय रोहतक का रवि कुमार द्वितीय व एमडीयू के संस्कृत विभाग की छात्रा वर्षा तृतीय रही।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. विजय कुमार की अध्यक्षता में हुई इस स्पर्धा में 200 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्कृत विभागाध्यक्ष अनिल कुमारी ने बताया कि गीता को जानने के लिए हमें महाभारत को संपूर्णता के साथ समझना होगा। महाभारत ही एक ऐसा ग्रंथ है जो गीता को संपूर्णता के साथ पाठक के समक्ष प्रस्तुत करता है। प्राचार्य ने कहा कि गीता जीवन जीने का दर्शन है। महाभारत गीता का दर्शन है। महाभारत हमें सह-अस्तित्व का उपदेश देती है। यह हमारे संपूर्ण सांस्कृतिक जीवन का विश्व कोष है। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका प्रवीण शर्मा ने निभाई। ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मधु अरोड़ा, डॉ. अंजू देशवाल व शिक्षक उपस्थित रहे। ब्यूरो

3 विस्तार व्याख्यान

द्वारा : डॉ. उमेश कुमार

सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय, कलानौर



श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय,रोहतक
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा मान्यता प्राप्त
स्नातक\स्नातकोत्तर सहशिक्षा महाविद्यालय, भिवानी रोड, रोहतक
[NAAC द्वारा 'बी' ग्रेड (2.74) प्राप्त]

दिनांक -30 जनवरी 2021
संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित
"संस्कृत भाषा की उपयोगिता : एक व्यापक दृष्टिकोण"
विषय पर अतिथि व्याख्यान


**अतिथि व्याख्याता : डॉ. उमेश कुमार**
सहायक आचार्य,
सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय,कलानौर
व्याख्यान से जुड़ने के लिये जूम एप से 11:00 पूर्वाह्न पर नीचे क्लिक करें
click here

**आयोजन समिति :**
श्रीमती अनिल कुमारी(विभागाध्यक्षा)
9017177657

प्रवीण शर्मा
9802556912

**प्राचार्य**
डॉ.विजय कुमार

महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के द्वारा दिनाङ्क 30जनवरी 2021 को विस्तार व्याख्यान  का आयोजन किया गया जिसमें सत जीन्दा कल्याणा महाविद्यालय,कलानौर के डॉ. उमेश कुमार ने “संस्कृत भाषा की उपयोगिता” के विषय में अपने विचार प्रकट किये |इस अवसर पर सहायक आचार्य प्रवीण शर्मा ने मुख्य अतिथि का परिचय कराया |कार्यक्रम के अन्त में विभागाध्यक्षा श्रीमती अनिला बठला ने मुख्य अतिथि सहित सभी विद्यार्थियों व अन्य प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया |






# संस्कृत हमारे संस्कार की भाषा : डॉ. उमेश कुमार

रोहतक। लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्वावधान में विस्तार
व्याख्यान आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. विजय कुमार ने की। मुख्य
वक्ता सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर के सहायक आचार्य डॉ. उमेश कुमार
रहे। इनका विषय ''संस्कृत भाषा की उपयोगिता : एक व्यापक दृष्टिकोण'' रहा। प्राचार्य
डॉ. विजय कुमार ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि संस्कृत हमारे संस्कार की
भाषा है। हमारे वेद पुराण सभी धार्मिक ग्रंथ इसी भाषा में लिखे गए हैं। संस्कृत विभाग
की अध्यक्षा अनिल कुमारी ने कहा कि संस्कृत भाषा में ही देश की संस्कृति छिपी है।
संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य प्रवीण शर्मा ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। ब्यूरो

4. राज्य स्तरीय ऑनलाइनपर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 05 जून 2021


श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय,रोहतक
महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक द्वारा मान्यता प्राप्त
स्नातक\स्नातकोतर सहशिक्षा महाविद्यालय, भिवानी रोड, रोहतक |
[NAAC] द्वारा बी ग्रेड (2.74) प्राप्त |

दिनाङ्क
05 जून 2021

विश्व पर्यावरण दिवस
के उपलक्ष्य में
संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित
राज्य-स्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

प्रतियोगिता के नियम :
1 . स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर के प्रतिभागी ही प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं |
2 . प्रतिभागी 04 जून 2021 तक दिये गये लिङ्क पर अपना पञ्जीकरण कर सकते हैं |
पञ्जीकरण लिङ्क CLICK HERE
3 .ऑनलाइन प्रतियोगियोता का लिङ्क 05 जून 2021 को प्रातः 11:00 बजे से 11:30 तक खुलेगा |
प्रतियोगिता लिङ्क CLICK HERE
4 . प्रतियोगिता 20 बहुविकल्पीय प्रश्नों पर आधारित होगी |
5 . पञ्जीकरण के उपरान्त नीचे दिये गये लिङ्क के माध्यम से हमारा व्हाट्सेप समूह ज्वाइन कर लें |
व्हाट्सेप समूह CLICK HERE
6 .प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी का ई-प्रमाण पत्र उनकी पन्जीकृत इमैल आइडी पर प्रेषित कर दिये जायेंगे |

संयोजिका
श्रीमती अनिल कुमारी
9017177657

सह संयोजक
प्रवीण शर्मा
9802556912

प्राचार्या
डॉ. रश्मि छाबड़ा

महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के द्वारा दिनांक 5 जून 2021 को श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के तत्त्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय ऑन लाइन पर्यावरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में विभिन्न महा-विद्यालयों से लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रतियोगिता के प्रारंभ में संस्कृत विभाग की अध्यक्षा श्रीमती अनिला बठला ने प्राचार्या महोदया एवम विद्यार्थियों का स्वागत किया । इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विभागाध्यक्षा अनिला बठला व सहायक आचार्य प्रवीण शर्मा ने निभायी | इस प्रतियोगिता में ऋतु बीए अंतिम वर्ष, श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय, रोहतक ने प्रथम स्थान, गौरव एस ओ पी एंड आर ने द्वितीय स्थान तथा हिमांशी बीएससी, हिन्दू कन्या महाविद्यालय सोनीपत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को ई- प्रमाण पत्र प्रदान किये गए |


श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय,रोहतक
राज्यस्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता
प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री\कुमारी **ऋतु, श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय** ने महाविद्यालय में ०५ जून, २०२१ को आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया |

संयोजिका
प्राचार्य


श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय,रोहतक
राज्यस्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता
प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री\कुमारी **गौरव, एस ओ पी एण्ड आर** ने महाविद्यालय में ०५ जून, २०२१ को आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया |

संयोजिका
प्राचार्य


श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय,रोहतक
राज्यस्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता
प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री\कुमारी **हिमान्शी, हिन्दू कन्या महाविद्यालय सोनीपत** ने महाविद्यालय में ०५ जून, २०२१ को आयोजित राज्यस्तरीय ऑनलाइन पर्यावरण प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया |

संयोजिका
प्राचार्य